## संक्षिप्त

### सूरज सिंह को मिला विश्वरत्न सम्मान

**दौसा, (निसं)।** वर्थी वैलनेस फाउंडेशन उज्जैन के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें देश-विदेश के विभिन्न चित्रकला प्रेमियों का सम्मान किया गया। समारोह में दौसा जिले के युवा आर्टिस्ट सूरज सिंह महावर को मोमेंटो, सर्टिफिकेट, मैडल एवं शॉल भेंटकर "विश्वरत्न सम्मान" से सम्मानित किया गया। संस्था के निदेशक सौम्या बाजपेई ने बताया कि हमारी संस्था इस तरह के आयोजन कर प्रतिभावान कलाकारों को उचित मंच व सम्मान देकर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्रदान करती है। जिससे वे आगे चलकर अपनी कडी मेहनत और लगन से खुद को सर्वश्रेष्ठ साबित कर सके और कला के क्षेत्र में अपना शत प्रतिशत योगदान दे सकें। गौरतलब है कि हाल ही में सूरज सिंह महावर को भारतीय सर्वश्रेष्ठ सम्मान से नवाजा जा चुका है। इससे पूर्व कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के फल स्वरुप सूरज आर्ट दौसा को भारत कला महानायक, भारत गौरव रत्न, शान ए राजस्थान ,ढोला मारू आइकन अवार्ड, इत्यादि दर्जनों अलंकारों से अलंकृत किया जा चुका है।



सूरज सिंह

### संजू शर्मा ने एडीएम प्रथम पद संभाला

**अलवर, (निसं)।** राजस्थान प्रशासनिक सेवा की वरिष्ठ अधिकारी संजू शर्मा ने गुरूवार को कलक्ट्रेट में अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रथम का कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि जिला कलेक्टर के निर्देशन में विभागीय समन्वय स्थापित कराकर जिले में केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं, कार्यक्रमों व विकास कार्यों का बेहतर तरीके से क्रियान्वन कराया जाएगा।



एडीएम संजू शर्मा

### गुर्जर प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**कोटपूतली, (निसं)।** गुर्जर अधिकारी-कर्मचारी महासंघ एवं गुर्जर कर्मचारी समिति कोटपूतली के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को स्थानीय वीर गुर्जर छात्रावास में कोटपूतली विधानसभा के गुर्जर समाज के छात्र-छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक हंसराज पटेल होगें। संरक्षक पुष्कर मल रावत व ब्लॉक अध्यक्ष महिपाल गुर्जर ने बताया कि समारोह में कक्षा 10 वीं एवं 12वीं बोर्ड में 85 प्रतिशत व उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विधार्थियों एवं स्नात्तक व स्नातकोत्तर कक्षाओं में 65 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विधार्थियों, नीट, आईआईटी व आईआईएम में चयनित विधार्थियों, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली प्रतिभाओं के साथ-साथ नवनियुक्त व सेवानिवृत कार्मिकों को चाँदी का सिक्का देकर सम्मानित किया जायेगा।

### सर्पदंश से युवती की मौत

**निवाई, (निसं)।** गांव हिंगोटिया में बुधवार की देर शाम खेत से चारा लेकर घर लौट रही एक युवती को सांप ने डस लिया जिससे उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार गांव हिंगोटिया निवासी 20 वर्षीय लक्ष्मी पुत्री रामरतन मीणा अपने खेत से चारा लेकर अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान उसको सांप ने डस लिया। परिवारजनों ने तत्काल उसे उपचार के लिए राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय निवाई लाकर भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने बताया कि मृतका के शव का गुरुवार की सुबह पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

### कृषि मंडी में कल रहेगा अवकाश

**मालपुरा, (निसं)।** व्यापार मंडल पदाधिकारी गिरधारी आगीवाल ने बताया कि एकादशी को मालपुरा व डिग्गी सहित सभी जगह निकलती है डोल यात्राऐं। ठाकुर जी करते है नोंका विहार। ऐसे मे व्यापार मंडल ने एकादशी पर अवकाश रखने का निर्णय लिया है।

# पानी की निकासी कराने की मांग, लगाया जाम

**निवाई, (निसं)।** गांव रजवास में मोटयाला तालाब टूटने से तालाब का पानी घरों और खेतों में आने से लोगों को परेशानी हो रही है। लोगों ने पानी की निकासी की मांग को लेकर गुरुवार को निवाई रजवास रोड पर जाम लगा दिया।

जाम की सूचना मिलने पर निवाई तहसीलदार नरेश कुमार गुर्जर व बरौनी थानाधिकारी ओमप्रकाश मय जाप्ते के साथ गांव रजवास पहुंचे और लोगों से वार्तालाप करके जाम को खुलवाया गया। तहसीलदार ने रोड पर बने नाले व दूसरी ओर सीसी रोड को तोडकर कर पानी की निकासी करवाई। ग्रामीणों ने तहसीलदार को बताया कि करीब 100 बीघा जमीन में खेतों में पानी भर गया। जिससे ज्वार-बाजरे की फसलें आडी पड गई है और गलने लगी है। उन्होंने बताया कि करीब 20 मकानों के आस-पास भी पानी भर गया है। ग्रामीणों ने तहसीलदार से खराब हुई फसलों की गिरदावरी करवाकर मुवावजा देने की मांग की। इस अवसर पर सरपंच कानाराम जाट, ग्राम विकास अधिकारी विनोदकुमार परिडवाल, गिरदावर रामगोपाल जांगिड, पटवारी सत्यनारायण चौधरी, कनिष्ठ सहायक नन्दकिशोर बैरवा व किशन चौधरी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

- खराब हुई फसलों की गिरदावरी करवाकर मुवावजा देने की मांग



निवाई तहसीलदार नरेश कुमार गुर्जर व बरौनी थानाधिकारी ओमप्रकाश मय जाप्ते के साथ गांव रजवास पहुंचे और लोगों से वार्तालाप करके जाम को खुलवाया।

## धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**फुलेरा, (निसं)।** स्थानीय पुलिस थाने पर एक युवक ने एक व्यक्ति के खिलाफ एक करोड की धोखाधडी करने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि परिवादी संजय कुमार यादव 21 निवासी पावर हाऊस कृष्णापुरी पुलिस थाना मदनगंज जिला अजमेर ने मामला दर्ज करवाया कि वे जयपुर के पूर्णिमा कॉलेज में बी.बी.ए. की पढाई कर रहा था। प्रार्थी की मुलाकात निखिल जोशी पुत्र लोकेश जोशी निवासी मोहकमपुरा हाल निवासी अनुविहार कॉलोनी फुलेरा से हुई। निखिल ने प्रार्थी से कहा कि वह इंवेस्टिंग कम्पनी का मालिक है, कम्पनी को माता व पिता मिलकर चलाते है। प्रार्थी का अच्छा प्रोफिट करा देगा। प्रार्थी से कई बार नगद व खाते में अलग-अलग दिनांक को निखिल, निखिल की मां एवं पिता के खाते में एक करोड के स्थानांतरण करवाये। उक्त लोगों ने षडयंत्र कर प्रार्थी के साथ धोखाधडी कर ठगी की। 28 अगस्त को निखिल व उसके माता-पिता से रुपये वापिस करने को कहा तो रुपये वापस कर देने का आश्वासन दिया। किन्तु उक्त लोग तरह-तरह के बहाने बनाकर टालमटोल करते रहे और प्रार्थी के रुपये नहीं दिए। पुलिस ने उक्त मामला दर्ज करते हुए मामले की जांच कर दी है।

## अधिकारियों ने बांधों एवं जलभराव क्षेत्रों का किया निरीक्षण

**दौसा, (निसं)।** जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार ने जिले में लगातार हो रही बरसात को देखते हुये सभी उपखण्ड अधिकारी, विकास अधिकारी सहित जिला अधिकारियों को जल भराव क्षेत्रों एवं बांधो को निरीक्षण करने के निर्देश दिये है। इधर कलेक्टर के निर्देशों के चलते बुधवार को उपखण्ड अधिकारी एवं विकास अधिकारियों ने रेडिया, कालाखो, सुरजपुरा, मोरेल, सैंथल सागर, सिनोली, हरिपुरा, महेश्वरा बांध एवं जयपुर रोड पर जल भराव क्षेत्र का दौराकर निरीक्षण किया।

कलेक्टर देवेन्द्र कुमार ने लगातार वर्षा एवं विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव को देखते हुए जिलेवासियों से अपील की है कि जलभराव क्षेत्रों नदी, नालों, पोखरों एवं नहरों के आस-पास भ्रमण व नहाने नहीं जाये एवं अपने परिजनों विशेष कर बच्चों को भी नहीं जाने दें। उपखंड अधिकारियों एवं विकास अधिकारियों ने विभिन्न बांधो एवं जल भराव क्षेत्र का अवलोकन कर बांध क्षेत्र में मिट्टी कटाव व बांध में रिसाव जैसी स्थिति पाए जाने पर तुरन्त रोकथाम के उपायों को परखा।

- कलेक्टर की जनता से नदी, पोखर, तालाबों से दूर रहने की अपील

उन्होंने ओवरफ्लो बांधों पर चेतावनी बोर्ड, लोहे की जाली एवं नियमित पुलिस गस्त इत्यादि व्यवस्थाओं को दुरूस्त करवाया। उन्होंने स्थानीय र्कामिकों को कहा कि जल जनित अप्रिय घटनाओं की रोकथाम हेतु आसपास के लोगों सहित आमजन को बांधों एवं जल भराव क्षेत्र में ना जाने के लिए सावचेत करें। उन्होंने जल भराव वाले क्षेत्रों में पानी निकासी की वैकल्पिक व्यवस्था करने एवं जलभराव से प्रभावित लोगों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्थानीय आमजन से बातचीत कर आश्वस्त किया कि प्रशासन आपकी सहायता के लिए पूर्णतया सजग और सर्तक है। एसडीएम दौसा, लालसोट, सैंथल, बसवा एवं विकास अधिकारी दौसा, बांदीकुई, बसवा सहित संबंधित उपपुलिस अधीक्षक एवं तहसीलदार रहे।

## गाय के हमले से मासूम गंभीर घायल

**मालपुरा, (निसं)।** स्कूल जा रही एक आठ साल की मासूम बच्ची पर गुरूवार की सवेरे माणक चौक बाजार में खडी निराश्रित गाय ने हमला कर दिया। बार-बार बच्ची पर गाय द्वारा हमला करने से बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे मालपुरा अस्पताल में भर्ति करवाया गया।

मामले के अनुसार शहर के वार्ड नंबर 13 में रहने वाली आठ साल की मासूम बच्ची सानिया पुत्री मोहम्मद सलीम जो कि आदर्श स्कूल पुरानी तहसील की कक्षा 3 की छात्रा है। विद्यालय जाने के दौरान बाजार में खडी गायों के झुण्ड में से एक गाय ने बच्ची पर हमला कर दिया। जमीन पर गिरी बच्ची पर बार-बार हमला करने से बच्ची गंभीर घायल हो अचेत हो गई। कान से खून बहने लगा। मौजूद लोगों ने कडी मशक्कत कर बच्ची को गाय के चंगुल से छुडा मालपुरा अस्पताल में भर्ति करवाया। प्रत्यक्षदर्शी समाजसेवी पवन कुमार सोनी ने बताया कि शहर की सडकों पर जगह-जगह झुण्ड के रूप में निराश्रित गाय व बछडे सहित नन्दी खडे रहते है जो आये दिन वाहन चालकों व राहगीरों को सडक दुघर्टना का शिकार बना रहे है।

## टेबल टेनिस प्रतियोगिता में मॉडल स्कूल प्रथम रहा

**निवाई, (निसं)।** 68वीं जिला स्तरीय माध्यमिक उच्च माध्यमिक विद्यालय 19 वर्षीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल निवाई ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले में नाम रोशन किया है।

प्रधानाचार्य कुंभाराम चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन कोठारी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोडा में हुआ था। जहां पर लगभग 24 विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया था। जिसमें ऑल ओवर टीम में स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल निवाई ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि स्थानीय विद्यालय से अंडर-19 वर्षीय छात्र वर्ग में प्रथम और अंडर-19 वर्षीय छात्रा वर्ग में द्वितीय स्थान और एकल छात्र वर्ग 19 वर्षीय आयु वर्ग में दीपेश सेवानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

इसी प्रकार 17 वर्षीय छात्रा वर्ग टीम में प्रथम और 17 वर्षीय छात्र वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय से तन्नु यादव, रौनक मीणा, रेनू चौधरी, ऋषिका नाथावत, मोनिका मीणा, दीपेश सेवानी व मोनित करनानी का राज्य स्तर पर चयन हुआ है।

- विद्यालय से सात विद्यार्थियों का राज्य स्तर के लिए हुआ चयन

सभी विजेता टीमों के विद्यार्थियों व खेल प्रभारी राजवीर चौधरी और शारीरिक शिक्षिका का विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य और स्टाफ साथियों द्वारा माल्यार्पण और तिलक लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य ललितकुमार बेनीवाल, विनोदकुमार शर्मा, योगेशकुमार शर्मा, कमलसिंह कसाना, विकास गुर्जर, अंकिता राजावत, जीशान अहमद, मदनमोहन मीणा, कुंती शर्मा, रमेशचंद मीणा, हनुमानप्रसाद गुर्जर, सुदेश बाई, सोनू सोनी, पूजा चंदेला, दिव्यानी शर्मा, अमित शर्मा व निकलेश सैन सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# रत्ना कुमारी ने भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की

**जयपुर, (निसं)।** भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी शाहपुरा पिछले दस दिनों से जम्मू कश्मीर के प्रवास पर है। प्रवास के दौरान जम्मू पूर्व से भाजपा प्रत्यासी युद्धवीर सेटी की नामांकन रैली में सम्मिलित होकर जनसभा को संबोधित कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की ओर पूर्ववती सरकारों को कोसा।

उन्होंने बताया कि यहां एनसी कांग्रेस वाले अलगाव वाद की राजनीति करते है, परिवार वाद की राजनीति करते है, धारा 370 से पहले ऐसी सभा या रैली होना मुमकिन था क्या यह सब भाजपा ने धारा 370 हटने के बाद हो पाया है और एनसी कांग्रेस वाले तो धारा 370 को वापस लाना चाहते है। उन्होंने भाजपा की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया की प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश के 25 करोड गरीब परिवार गरीबी से ऊपर उठे हैं। लोगों के जीवन स्तर में व्यापक बदलाव हुए हैं। इसी के साथ पीएम आवास योजनान्तर्गत देश के 3 करोड से अधिक परिवारों को पक्के आवास मुहैया करवाए गए हैं। महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने की सोच के साथ उज्ज्वला योजना में उन्हें मुफ्त गैस सिलेण्डर प्रदान किए गए, वहीं राज्य सरकार ने प्रदेश के 76 लाख परिवारों को 450 रुपए में सिलेण्डर उपलब्ध करवाकर संबल देने का काम किया है। पीएम मुद्रा योजना व एमएसएमई की रिपोर्ट के अनुसार ऋण लेकर स्वयं का व्यवसाय शुरू कर आत्मनिर्भर बनकर देश की अर्थव्यवस्था के सुदृढीकरण में 60 प्रतिशत महिलाओं ने अपनी भागीदारी निभाई है। राजीविका के लखपति दीदी कार्यक्रम से देश की 3 कराड़ महिलाओं के साथ प्रदेश की 5 लाख महिलाओं के जीवन स्तर में व्यापक सुधार होगा एवं देश की अर्थव्यवस्था में सहयोग मिलेगा।



भाजपा प्रत्याशी युद्धवीर सेटी की नामांकन रैली में भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी ने भाग लिया।

## एडीएम ने दूदू व मौजमाबाद में जनसुनवाई का निरीक्षण किया

**दूदू, (निसं)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं, परिवेदनाओं के निवारण, सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत माह के दूसरे गुरूवार को जिले में उपखंड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन तीनों उपखंड मुख्यालय पर किया गया जिसमें संबंधित उपखंड अधिकारियों ने आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई कर विभागीय अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जिले में आयोजित हुई उपखंड स्तरीय जनसुनवाई के दौरान दूदू उपखंड में उपखंड अधिकारी योगेश सिंह देवल, मौजमाबाद उपखंड में उपखंड अधिकारी बलवीर सिंह तथा फागी उपखंड में उपखंड अधिकारी राकेश कुमार ने जनसुनवाई करते हुए आमजन के परिवादों का निस्तारण किया। उपखंड स्तरीय जनसुनवाई के दौरान पेयजल, राजस्व, विधुत, सडक, अतिक्रमण से संबंधित परिवाद प्राप्त हुए जिनमें से विभिन्न परिवादों का मौके पर ही निस्तारण कर शेष परिवादों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

- उपखंड स्तरीय जनसुनवाई में पेयजल, राजस्व, विधुत, सड़क, अतिक्रमण से संबंधित परिवाद प्राप्त हुए

अतिरिक्त जिला कलेक्टर गोपाल परिहार ने दूदू व मौजमाबाद उपखंड मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई का निरीक्षण कर आमजन के परिवादों की सुनवाई की। इस दौरान उन्होंने जनसुनवाई में उपस्थित नहीं होने पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों तथा मौजमाबाद के ग्राम तुम्बीपुरा में स्कूल जाने के रास्ते को सही कराने के संबंध में गलत जानकारी देने पर संबंधित अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त कर नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर दर्ज आमजन के विभिन्न परिवादों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर सभी संबंधित उपखंड स्तरीय अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

# तेज बारिश से सड़कें जलमग्न, जल भराव से लोगों को हुई परेशानी

**पावटा, (निसं)।** नगरपालिका पावटा प्रागपुरा के सफाई दावों की पोल गुरुवार को सुबह के समय हुई जोरदार बारिश ने खोलकर रख दी। एक घंटे से अधिक समय तक हुई जोरदार बारिश से पालिका क्षेत्र की सडकें जलमग्न हो गई। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पडा।

नालों व नालियों की पूर्ण सफाई ना होने से बारिश का पानी नाले, नालियों की बजाय सडकों पर बहता है। बुधवार रात से जोरदार बारिश का दौर प्रारंभ हुआ जो कि गुरुवार दोपहर तक जारी रहा। लगातार झमाझम बारिश होने से नालियां लबालब हो गई, जिससे पानी सडकों पर भर गया। पावटा कस्बे के सर्विस रोड की सडके, जो कि पूर्णतः क्षतिग्रस्त हो गई है। इस सडक पर पैदल चलने में भी नागरिकों को परेशानी होती है। सुबह के समय हुई झमाझम बारिश का पानी इस सडक पर घुटने-घुटने भर गया, जिससे रहवासियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पडा। कस्बे में थोडी देर की बारिश से ही सडकों पर पानी भर जाता है, जिससे आवागमन में परेशानी के साथ घरों में भी पानी भरने का खतरा बना रहता है। वार्डों में बनी सडकें व नालियां क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जिससे परेशानी और बढ जाती है।

कस्बे के ड्रेनेज सिस्टम की पूरी तरह से पोल खुल गई है। पावटा कस्बे में बरसात के पानी की निकासी नहीं होने के कारण पावटा कस्बे के मुख्य व्यापारिक केंद्र सुभाष चौक और एसबीआई और सेंट्रल बैंक वाली सर्विस लाइन, कस्बे के दोनों तरफ बनी सर्विस लाइन, अंबेडकर पार्क से निकलने वाली सडक मार्ग, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा जाने वाले रास्ते पर पूरी तरह कई फीट तक जलमग्न हो जाती है। जल भराव की समस्या से सबसे अधिक प्रभावित वाले क्षेत्र सब्जी मंडी कॉलोनी, प्राचीन नर्सिंग मंदिर का क्षेत्र, पुरानी बैंक बिल्डिंग के पास ब्राह्मण मोहल्ला, हीरामल बाबा के पास का स्थान, शनि मंदिर के पास जलदाय विभाग की टंकी वाला क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्र बरसात आते ही जलमग्न हो जाते हैं। वही शनि मंदिर के पास जलदाय विभाग की टंकी वाला क्षेत्र ज्यों रास्ता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की तरफ जाता है उसमे पानी भरा हुआ है जिससे विद्यालय जाने वाले छात्र छात्राओ को गंदे पानी से होकर जाते हुए समस्याओ का सामना करना पड रहा है।

जलमग्न होने की स्थिति में बिजली के पोल में करंट आने की भी अंदेशा पूरी तरह से रहता है। प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी के कारण कभी भी बडा हादसा घटित हो सकता है। खराब ड्रेनेज सिस्टम का जीता जागता उदाहरण पावटा कस्बे के मध्य से गुजर रहा अंडरपास है। जहां थोडी सी बारिश होते ही पूरा अंडरपास जलमग्न हो जाता है। वही जल निकासी को लेकर प्रशासन खानापूर्ति करते नजर आता है।

- नगरपालिका पावटा प्रागपुरा के सफाई दावों की पोल खुली



एक घंटे से अधिक समय तक हुई जोरदार बारिश से पालिका क्षेत्र की सड़कें जलमग्न हो गई।

## सार-समाचार

### दो छात्रों ने जीते गोल्ड मेडल



**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे के महात्मा गांधी इंटरनेशनल सीबीएसई स्कूल श्रीमाधोपुर के दो छात्रों का गोल्ड मेडल जीतने पर सम्मान किया। टीम मैनेजर ने बताया कि 68वीं जिला एवं राज्य स्तरीय 17 एवं 19 वर्षीय जूडो प्रतियोगिता रा.मा.विद्यालय बागरियावास में सम्पन्न हुई जिसमें विद्यालय के कक्षा 10वीं के छात्र अनुराग ने 55 किग्रा.वेट में व आदित्य ने 50 किग्रा वेट में गोल्ड मेडल प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय निदेशक मोहर सिंह खर्रा ने छात्रों की इस सफलता पर सम्मनित करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### पावटा में स्ट्रीट लाइटे खराब होने से छाया अंधेरा, लोग परेशान

**पावटा, (निसं)।** नगरपालिका पावटा प्रागपुरा द्वारा करोडों खर्च करने के बाद भी राजमार्ग व कस्बा रोशन नहीं हो पा रहा है। स्ट्रीट लाइट लगने के बावजूद शहर में अंधेरा कायम है। शहर की एक भी स्ट्रीट लाइट बिल्कुल भी जलने का नाम नहीं ले रही है। इन लाइटों को देखकर ऐसा लगता है जैसे कि उनको लगे कितने साल हो गए हो। जबकि यह लाइटें नगर पालिका प्रशासन द्वारा कुछ महिनो पहले ही लगवाई गई है। शाम होते ही शहर अंधेरे में डूब जाता है। प्रशासन द्वारा लाइटें तो लगा दी गई है, परंतु कुछ रखरखाव के अभाव में खराब पडी हुई हैं, तो कुछ को अभी भी कनेक्शन का इंतजार है, तो कहीं मुख्य जगहो पर तो लाईटे ही नहीं लगी। प्रशासनिक उदासीनता का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड रहा है। पावटा कस्बे के मुख्य बस स्टैंड जहाँ पर रात दिन ग्रामीण व महिलाओं का आना जाना लगा रहता है लेकिन अंधेरा होने से खतरा व डर बना रहता है। सर्विस रोड पर बैंक, एटीएम भी है लेकिन इस सर्विस रोड पर लाइटें लगाई ही नहीं गई हैं। भोनावास-कुनेड सडक मार्ग रात के समय पूरी तरह अंधेरे में डूब जाता है, जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। कस्बे की सडको पर छाए अंधेरे का अपराधी खूब फायदा उठाते हैं। अपराधी वारदात को अंजाम दे देते हैं तथा अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो जाते हैं। पुलिस प्रशासन भी इनके सामने बेबस दिखाई देता है। अगर नगरपालिका प्रशासन का यही हाल रहा तो शहर के लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड सकता है। ऐसे में नगरपालिका को शहर में लगी स्ट्रीट लाइटों पर ध्यान देना चाहिए और उन्हें दोबारा व्यवस्थित कराना चाहिए।

### मृतक की पत्नि को सौंपा चैक

**निवाई/गुंसी, (निसं)।** गांव करेडा बुजुर्ग में बालाजी के मंदिर पर वित्तीय एवं डिजीटल साक्षरता चौपाल का आयोजन हुआ। चौपाल के दौरान बडौदा राजस्थान क्षैत्रिय ग्रामीण बैंक ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा में नामित मृतक की पत्नि को 2 लाख रूपए का चैक प्रदान किया। चौपाल में शाखा प्रबंधक गोपालशरण सहाय ने वित्तीय साक्षरता एवं डिजीटल बैंकिंग पर ग्रामीणों को जागरूक एवं सर्तक रहने के बारे में समझाया एवं साईबर क्राईम एवं सुरक्षा की जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा एवं अटल पेंशन सहित कई बैंकिंग योजनाओं की जानकारी दी। शाखा के खजांची पिंटूलाल मीणा ने बताया कि इस अवसर पर शाखा के ग्राहक मृतक रमेश बैरवा निवासी सूरतरामपुरा के नामिति पत्नि को बीमा योजना की दावा राशि 2 लाख रूपए का चैक प्रदान किया।

### तेजाजी की बिंदौरी में उमड़े श्रद्धालु

**निवाई, (निसं)।** शिवाजी कॉलोनी में स्थित वीर तेजाजी मंदिर में तेजा दशमी को लेकर तेजाजी के मंदिर से श्रद्धालुओं द्वारा बिंदौरी निकाली जिसमें सैंकडों श्रद्धालुओं की भीड उमड पडी। श्रद्धालु छोटूलाल दिया ने बताया कि बिंदौरी शिवाजी कॉलोनी की टीबा ढाणी से होते हुए जमात, गणगौरी बाजार, चौहटी बाजार, बिलाला मार्केट, बडा बाजार, अहिंसा सर्किल होते हुए वापस तेजाजी के मंदिर पहुंची। बिंदौरी में महिला व पुरूषों ने डीजे के मधूर भजनों पर जमकर नृत्य किया। इस अवसर पर कालूराम माली, पप्पूलाल माली, छोटूलाल माली, गणेश माली, शंकरलाल माली, श्योजी माली, सुरेश माली, पूरण माली, मनोज माली सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

### शिविर में 71 यूनिट रक्त एकत्रित

**देवली, (निसं)।** पत्रकार व समाजसेवी स्व.घनश्याम गौतम की पुण्य स्मृति में लगाए गए रक्तदान शिविर में 71 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ है। आयोजक अमित व सुमित गौतम ने बताया कि पत्रकार स्वर्गीय घनश्याम गौतम की चतुर्थ पुण्यतिथि पर गौतम सेवा सदन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस सामाजिक कार्यक्रम में शहर व आसपास के रक्तदाताओं ने हिस्सा लेकर रक्तदान किया। शिविर में महिला रक्तदाताओं ने भी बढ चढकर भाग लिया। रक्तदान शिविर देवली के केशव बल्ड बैंक के द्वारा संपादित किया गया है। अनिल गौतम ने बताया कि शिविर का शुभारंभ दिवंगत पत्रकार के पिता जगदीश प्रसाद माता शांति देवी व पत्नी सुनीता गौतम ने परिजनों सहित तस्वीर के समक्ष माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। शिविर में विभिन्न रक्तसमूह का 71 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इस मौके पर पत्रकारों ने दो मिनट का मोन रखा और दिवंगत पत्रकार को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सत्यनारायण शर्मा, तुलसीराम शर्मा, अनिरुद्ध गौतम, केदार शर्मा, गिरिराज शर्मा, निखिल गौतम,आशुतोष शर्मा,अक्षय गौतम, यश गौतम, सत्यनारायण सरसडी, गौतम समाज अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा, कैलाश पंचोली, प्रेमचंद शर्मा, राजेंद्र शर्मा, आशीष शर्मा, संजय शर्मा, संजीव शर्मा, अशोक दुबे, आशीष पंचोली, जितेंद्र हावा, जन सेवा समिति, मानव सेवा संस्थान सहित गणेश महोत्सव समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे।

### 14 वर्षीय जूडो-बॉक्सिंग प्रतियोगिता संपन्न

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** 68वीं जिला स्तरीय 14 वर्षीय जूडो व बॉक्सिंग पुरुष व महिला प्रतियोगिता का समापन एसबीएन सीनियर सैकेंडरी स्कूल श्रीमाधोपुर में मुख्य अतिथि डॉ. माधव सिंह समाजसेवी व अध्यक्ष युवा चिकित्सा प्रकोष्ठ व ओएनजीसी की उपस्थिति में हुआ। मुख्य अतिथि और संस्था के निदेशक डॉ. मुकेश बल्डवाल, सचिव इंजी. प्रदीप धायल,स्कूल प्रधानाचार्य सागरमल दूधवाल ने विजेता खिलाडियों को मेडल और चैंपियनशिप दी। जूडो पुरुष प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रा.उ.प्रा.वि. खनीपुरा व द्वितीय स्थान पर रा. उ. मा. विद्यालय माणकसास रही। छात्र वर्ग में एसबीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल श्रीमाधोपुर प्रथम स्थान व रा. उ. प्रा. विद्यालय खनीपुरा दूसरे स्थान पर रही। बॉक्सिंग पुरुष प्रतियोगिता में एसबीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रथम स्थान पर व उ प्रा. वि. पोलादास द्वितीय स्थान पर रही। एसबीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल श्रीमाधोपुर ने बॉक्सिंग में 1 गोल्ड,3 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज मेडल सहित कुल 08 पदक और जूडो प्रतियोगिता में 2 गोल्ड, 4 सिल्वर और 6 ब्रोंज मेडल सहित कुल 12 पदक अपने नाम किए।प्रतियोगिता आयोजन मंडल के पर्यवेक्षक श्रीमती मधु मंगावा, प्रधानाचार्य राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पोलादास व मुख्य निर्णायक एवं चयन समिति सदस्य सतवीर सामोता और प्रेम कुमार तथा चयन समिति के सदस्य उमेश कुमार मीणा, सुनील कुमार सिलोलिया, संदीप कुमार, अशोक कुमार, पूजा मीणा, सुरेंद्र कुमार, सुभाष चंद्र, धीरज कुमार, मनीषा जाट ने अपनी सेवाएं दी। जूडो व बॉक्सिंग प्रतियोगिता 9 से 12 सितंबर तक आयोजित हुई जिसमें विजेता खिलाडी राज्य स्तरीय जूडो व बॉक्सिंग प्रतियोगिता में नीमकाथाना जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। एसबीएन विद्यालय श्रीमाधोपुर ने लगातार दूसरी बार जूडो व बॉक्सिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया। मंच संचालन खेल सचिव बनवारी लाल जीतरवाल ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के को-ऑर्डिनेटर मुकेश पुरी गोस्वामी, कैलाश चेजारा, भारती शर्मा, शारीरिक शिक्षिका बबीता जाखड, सोनू सैनी, सोहन लाल निठारवाल, चंद्र प्रकाश कुमावत सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।